हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4
मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जशपुर में स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार





खबर संक्षेप

जिले में 1 जून से अब तक 8654.1 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। जिले में 1 जून से 8 अक्टूबर 2026 तक 8654.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 11280.5 मिमी रही है, जो सामान्य का 76.7 प्रतिशत है। आज जिले में कुल 7.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 8 अक्टूबर तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है- तहसील जशपुर में 797.4 मिमी, मनोरा में 1354.7 मिमी, कुनकुरी में 1175.2 मिमी, दुलदुला में 694.0 मिमी, फरसाबहार में 405.7 मिमी, बगीचा में 877.5 मिमी, कांसाबेल में 905.0 मिमी, पत्थलगांव में 750.3 मिमी, सन्ना में 1060.5 मिमी एवं बागबहार में 633.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 1354.7 मिमी हुई है, जो सामान्य से 116.3 प्रतिशत है। वहीं आज सर्वाधिक वर्षा जशपुर तहसील में 5.0 मिमी दर्ज की गई।

कुसमी में बारिश के साथ हुई ओला वृष्टि, किसानों की बढ़ी चिंता

अंबिकापुर। मानसून की वापसी के बीच मंगलवार की देर शाम बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में जमकर बारिश और ओला वृष्टि हुई। बारिश और ओला वृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली ही है लेकिन ओला वृष्टि से धान व सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस वर्ष सरगुजा संभाग में जमकर बारिश हुई। बारिश से सभी नदी नाले लबालब भर गये है। बारिश के बाद मानसून अब वापस हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार दो अक्टूबर को मानसों सरगुजा समेत उत्तरी छत्तीसगढ़ से विदा हो गया। मानसून की वापसी के बाद तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया था। इस बीच मंगलवार की शाम सरगुजा समेत आस पास के जिलों में स्थानीय प्रभाव से बादल छाए रहे। तेज धूप के साथ बादलों की आवाजाही लगी रही जबकि बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में बारिश के साथ ही जमकर ओला वृष्टि हुई। तेज हवा व बारिश के साथ बड़े बड़े ओले गिरे। ओला वृष्टि से एक तरफ तापमान में गिरावट आई है और सरगुजा में भी तापमान 30.4 डिग्री दर्ज हुआ लेकिन ओला गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ओला वृष्टि से धान की खड़ी फसल के साथ ही सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी से नम हवा आ रही है जिससे स्थानीय प्रभाव से बादल बनने के साथ ही हल्की बारिश हो रही है।

शांति बनाए रखने नागरिक सुरक्षा मंच सौंपेगा ज्ञापन

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा, समरसता एवं अमन-चैन का वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न धर्मों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शांति एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नागरिक सुरक्षा मंच के बैनर तले 08 अक्टूबर, गुरुवार को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। नागरिक सुरक्षा मंच ने कहा कि सरगुजा की शांतिपूर्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में वैमनस्य, तनाव अथवा अशांति का वातावरण उत्पन्न करने वाले किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

महिलाओं ने किया हुनर, ताकत व रचनात्मकता का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

अग्रसेन जयंती महोत्सव में इस बार सिर्फ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम नहीं है, बल्कि महिलाओं के हुनर, ताकत और रचनात्मकता का भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कहीं पंजा लड़ाओ में ताकत की आजमाइश हुई, तो कहीं फेंटा-पिठो में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। वहीं, मीठा बनाओ प्रतियोगिता में स्वाद और सजावट ने सभी का ध्यान खींचा।



फेंटा-पिठो में रूपा अग्रवाल ने मारी बाजी

फेंटा-पिठो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले चरण में रूपा अग्रवाल और ज्योति अग्रवाल के बीच टाई होने के बाद दोबारा मुकाबला कराया गया। इसमें रूपा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। ज्योति अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि आंचल अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर नवयुवक समिति के अध्यक्ष नेहल अग्रवाल ने विजेताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अग्रसेन जयंती का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

पंजा लड़ाओ में अब्बिका विजेता, सांझी उपविजेता

पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता में भी रोमांच अपने चरम पर रहा। बालिकाओं और महिलाओं के बीच हुए मुकाबलों में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अब्बिका गोयल ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सांझी अग्रवाल उपविजेता रहीं। आयोजन समिति के साथ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव मनमोहन गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामनिवास जिंदल सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।



मीठा बनाओ में स्वाद और सजावट का अनोखा संगम

मीठा बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने घर से तैयार कर लाए गए आकर्षक और स्वादिष्ट व्यंजनों से अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की खास शर्त यह थी कि व्यंजन में मिठास के साथ नमकीन का स्वाद भी अनिवार्य था। निर्णायक मंडल ने स्वाद को सात और सजावट को तीन अंक निर्धारित किए थे। इस रोचक मुकाबले में अविका गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निधि अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि शीतल अग्रवाल और मुस्कान मित्तल संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रतिभाओं को मंच समाज में उत्साह

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं ने यह साबित किया कि सामाजिक आयोजन केवल परंपराओं के निर्वहन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी मेल-मिलाप, प्रतिभा प्रदर्शन और नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त माध्यम हैं। महिलाओं और युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरे आयोजन में उत्सव का माहौल बना रहा।



बाजार को व्यवस्थित करने सड़क पर उतरे एसडीएम और सीएमओ

जशपुरनगर। नगर पंचायत बगीचा के बाजार को व्यवस्थित और सुगम बनाने के उद्देश्य से एसडीएम समीर बड़ा और सीएमओ क्षितिज सिंह ने दल-बल के साथ बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और बाजार की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वयं मोर्चा संभाला।

- दुकानों के बाहर सेड में सामान नहीं रखने की दी हिदायत

स्पष्ट निर्देश, दुकान के बाहर सेड अथवा सड़क की ओर सामान फैलाकर न रखें व्यापारी

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकान के बाहर सेड अथवा सड़क की ओर सामान फैलाकर न रखा जाए। इससे बाजार में आवागमन प्रभावित होता है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने दुकानदारों से अपनी निर्धारित सीमा में ही व्यापार करने की अपील की।

सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने के निर्देश

बाजार में सब्जी विक्रेताओं को भी व्यवस्थित करते हुए उन्हें निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद व्यापारियों से चर्चा कर बाजार में यातायात और पैदल आवागमन को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण

एसडीएम समीर बड़ा और सीएमओ क्षितिज सिंह की अगुवाई में चले इस अभियान के दौरान प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने बाजार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण किया जाएगा और नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस पहल से बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर बेतरतीब तरीके से रखे सामान और अव्यवस्थित सब्जी दुकानों को व्यवस्थित करने की दिशा में प्रभावी कदम माना जा रहा है।

25 लाख के निर्माण पर सवाल, अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे जपं सीईओ

जशपुरनगर। अधिवक्ता संघ कुनकुरी द्वारा 25 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से कराए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता, प्रक्रिया और राशि के उपयोग को लेकर उठाए गए सवालों के बाद अब मामले में खबर का असर देखने को मिला है। अधिवक्ताओं की आपत्तियों और जानकारी सार्वजनिक किए जाने की मांग के बाद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह स्वयं अधिवक्ताओं के पास पहुंचे और निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी।

खबर का असर



अधिवक्ता संघ ने उठाई थी पारदर्शिता की मांग

गौरतलब है कि अधिवक्ता संघ कुनकुरी के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कुलदीप, सचिव मो फिरोज खान अधिवक्ता संघ सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश नाथ गुप्ता कुनकुरी सहित सभी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से 25 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के उपयोग को लेकर पारदर्शिता की मांग उठाई थी। संघ ने सवाल किया था कि स्वीकृत राशि में से अब तक कितनी राशि खर्च की गई, किन-किन कार्यों पर खर्च हुआ और निर्माण कार्य किस मापदंड के तहत कराया जा रहा है। संघ की ओर से यह भी कहा गया था कि अधिवक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए फर्नीचर, अलमारी, एसी, क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत सहित विभिन्न कार्यों का प्रस्ताव बैठक में पारित किया गया था। वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाते हुए कुछ स्थानों पर बारिश के दौरान पानी रिसने की बात सामने रखी गई थी।

हरिभूमि के खबर के बाद प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता दिखाई दी

इसी खबर के सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता दिखाई दी। जनपद पंचायत सीईओ ने अधिवक्ताओं के बीच पहुंचकर निर्माण कार्यों और स्वीकृत राशि से संबंधित जानकारी साझा की। इससे अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए सवालों पर प्रशासन की ओर से सीधे संवाद की स्थिति बनी है।

निर्माण कार्यों को लेकर स्थिति और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद

अब इस पूरे मामले में निगाह इस बात पर रहेगी कि 25 लाख रुपये की स्वीकृत राशि में कितना काम हुआ, कितना भुगतान किया गया और प्रस्तावित कार्यों में से कौन-कौन से कार्य पूरे हुए हैं। अधिवक्ता संघ की मांग के बाद सामने आई जानकारी से निर्माण कार्यों को लेकर स्थिति और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जशपुरनगर। कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़, अश्लील इशारे एवं हाथ पकड़कर जबरन कार में बैठने की कोशिश करने वाले आरोपी को पारहलगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर जेल भेजा दिया है। 31 अगस्त को प्रार्थी द्वारा थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका अपनी मौसी के घर रहकर कक्षा 12वीं में पढ़ाई करती है। 30 अगस्त को वह अपने घर से मौसी के घर जाने के लिए निकली थी। रास्ते में बस का इंतजार करने के दौरान दोपहर करीब 3 बजे आरोपी निराकार यादव उर्फ रिंकू यादव अपनी एक्सएल 6 कार से वहां पहुंचा।



अश्लील इशारे एवं जबरन कार में बैठाने की कोशिश- आरोपी ने नाबालिग को अश्लील इशारे किए तथा कार से उतरकर उसका हाथ जबरन पकड़ लिया और अपने साथ कार में चलने के लिए कहने लगा। आरोपी द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ किए जाने पर वह चिल्लाने लगी, जिसके बाद आरोपी उसका हाथ छोड़कर कार लेकर मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी द्वारा पूर्व में भी नाबालिग का पीछा कर अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ की गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 74, 351(2) बीएनएस एवं धारा 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान नाबालिग पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी द्वारा कथन कराया गया। प्रार्थी एवं गवाहों के कथन दर्ज किए गए तथा आवश्यक विवेचनात्मक कार्रवाई की गई।

घटना के बाद आरोपी लगातार चल रहा था फरार- घटना के बाद आरोपी निराकार यादव उर्फ रिंकू यादव लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 7 अक्टूबर को आरोपी उसके गृह ग्राम से हिरासत में लेकर अभिरक्षा में लिया गया।आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक्सएल 6 कार को गवाहों के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर लिया गया।

शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जशपुरनगर। 19 वर्षीय पीड़िता ने 5 अक्तूबर को थाना पत्थलगांव में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी रितेश यादव 3 अक्टूबर को उसे कार में बैठाकर शाम करीब 7 बजे लुड़ेग झंडा घाट जंगल की ओर ले गया। वहां आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी तथा गाली-गलौज करते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 224/ 2026, धारा 69, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पीड़िता एवं आरोपी दोनों का मेडिकल परीक्षण

विवेचना के दौरान पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी द्वारा कथन कराया गया। प्रार्थिया एवं साक्षीगण के कथन दर्ज किए गए तथा घटनास्थल का निरीक्षण तैयार किया गया। पीड़िता का परिजनों की सहमति से महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी रितेश यादव उम्र 19 वर्ष को 7 अक्टूबर को हिरासत में लिया गया अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करना पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर 7अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मामले की कार्रवाई व आरोपी की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक विद्या राम यादव, प्रधान आरक्षक सुभाष नायक, चंद्र विजय साय तथा आरक्षक वीरेंद्र यादव, देव सिंह एवं राजेंद्र रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह- हाथी-मानव द्वंद्व रोकथाम का संदेश

जशपुरनगर। वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जशपुर वनमंडल द्वारा हाथी-मानव द्वंद्व की रोकथाम एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन परिक्षेत्र कांसाबेल के हाथी प्रभावित क्षेत्र ग्राम साजापानी स्थित प्राथमिक शाला चट्टानपारा में गजरथ कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को हाथियों के व्यवहार और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों, पंच-सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक



भाग लिया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को हाथियों के व्यवहार, उनके विचरण मार्ग तथा गतिविधियों के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथी वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके संरक्षण में स्थानीय समुदाय की भूमिका अहम है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि हाथी दिखाई देने पर घबराएं नहीं और उसके नजदीक जाने या उसका पीछा करने का प्रयास न करें। हाथी की फोटो या वीडियो बनाने की कोशिश न करें तथा किसी भी प्रकार से उसे उकसाएं नहीं। हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। रात्रि के समय अकेले जंगल की ओर जाने से बचें तथा हाथी दिखाई देने पर भीड़ एकत्र न करें। पटाखे, आग या तेज शोर के माध्यम से हाथी को उत्तेजित करने से भी बचें। हाथी की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर अपने परिवार, पड़ोसियों और पूरे गांव को सतर्क करें। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में हाथियों के विचरण से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए।

बच्चों की मातृभाषा को कक्षा से जोड़ने पर दिया गया जोर

संकुल समन्वयकों का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

जशपुरनगर। कुनकुरी विकासखंड में प्राथमिक स्तर के बच्चों के बुनियादी सीखने के स्तर में सुधार लाने और कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित संकुल अकादमिक समन्वयकों का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सलियाटोली में आयोजित इस कार्यशाला में विकासखंड के 16 संकुलों के अकादमिक समन्वयकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य ध्येय समन्वयकों में 'सहयोगात्मक मार्गदर्शन' की समझ विकसित करना था, ताकि वे स्कूलों के दौरों के दौरान शिक्षकों को एक साथी और मार्गदर्शक के रूप में शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर सकें।



एनईपी-2020 और एनसीएफएफएस-2022 के तहत बहुभाषी शिक्षा का महत्वः छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विविधता वाले राज्य में, जहां बच्चे अपने घरों में सादरी, कुड़ुख, हल्बी, गोंडी व अन्य स्थानीय भाषाएं बोलते हैं, प्रारंभिक शिक्षा में भाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के संदर्भ पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों ही नीतियां इस बात पर विशेष बल देती हैं कि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की घर की भाषा का सम्मान और उपयोग किया जाना चाहिए।

तीन दिवसीय उन्मुखीकरण के मुख्य विषय एवं चर्चा के बिंदु

कार्यशाला के दौरान शिक्षा को व्यवहारिक और बाल-केंद्रित बनाने के लिए निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की गई मातृभाषा और बहुभाषी शिक्षाः बच्चों की घर की भाषा को कक्षा में स्थान देते हुए उन्हें हिंदी भाषा की ओर सहजता से ले जाने की बहुभाषी शिक्षण पद्धतियों पर बातचीत हुई। भाषा सीखने का संतुलित नजरियाः बच्चों में सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के कौशलों को अलग-अलग देखने के बजाय एक साथ और संतुलित रूप से विकसित करने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। सहयोगात्मक पर्यवेक्षणः समन्वयकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई कि उनका कार्य केवल निरीक्षण या कमियाँ निकालना नहीं है, बल्कि एक सहयोगी के रूप में शिक्षकों का हाथ थामना है। कक्षा अवलोकन चक्र और सकारात्मक ⏭शेष पेज 2 पर

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु 31 तक विशेष अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के अनुपालन में जशपुर जिले में छूटे हुए एवं नये पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में घर-घर भ्रमण करेंगे और प्रत्येक सप्ताह बुधवार और गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना पंजीयन अवश्य सुनिश्चित करें। पात्र नागरिक ईसीआईनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म-6 ऑनलाइन भरकर आवेदन कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं से भी बीएलओ पुनः संपर्क करेंगे। अभियान के दौरान जिले के सभी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में गठित निर्वाचक साक्षरता क्लब के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर

बिश्रामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा,शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समाज में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना है।

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग में विद्यार्थियों ने उकेरी वंदे भारत की तस्वीर



राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल राजपुर द्वारा सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने वंदे भारत रेल और विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित रंगोली एवं चित्रकला तैयार की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और चित्रकला के माध्यम से देश की प्रगति, आधुनिक भारत और विकास की कल्पना को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, सरपंच सुषमा मरावी, उदय यादव, अनिल तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन पैंकरा सहित महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

5जी सेवा प्रारंभ करने केंद्रीय संचार मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



राजपुर। नगर में 5जी मोबाइल सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजपुर क्षेत्र में मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, ऑनलाइन सेवाओं तथा डिजिटल कार्यों के लिए तेज इंटरनेट की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र में 5जी सेवा प्रारंभ होने से नागरिकों को बेहतर और तेज संचार सुविधा मिल सकेगी। कांग्रेसियों ने केंद्रीय संचार मंत्री से मांग की कि राजपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क शुरू करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर सेवा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान संतोष सिंह, राजेश पांडेय (टिल्लू), राहुल गुप्ता, विद्यानंद दुबे, राहुल भारती, विकास यादव, विशवास गुप्ता, बाबा भारती, अधिवक्ता स्वतंत्र मिश्रा उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



सोनगरा। आंगनबाड़ी केंद्र कंवरपारा सोनगरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शरद चंद्र द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि सरपंच कृष्णा सिंह रहे। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई। महिलाओं को मातृत्व के दौरान पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक मानकुंवर धुर्वे ने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध को लेकर भी जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि महिला एवं बच्चों का स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य समाज की मजबूत नींव है। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय अमले के साथ जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों की सहभागिता भी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगमेन राजवाड़े ने किया वहीं सुनीता सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान बालेश्वर सिंह, अनुराग द्विवेदी, धरम पैकरा, अभिषेक सिंह, सुनैना जायसवाल, इंद्रमणि, रामदुलारी, रीता कुशवाहा, ललिता देवनाथ, सत्यवती, गिरिजा देवी, लक्ष्मी कांति, बीना सिंह, संतों पैकरा, लालमेन, तिलमनिया एवं झुलेश्वरी सहित अन्य महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

दो माह से खराब थी एनएच 43 की लाइट, हो चुकी है कई दुर्घटनाएं

नवरात्र से पहले एनएच 43 बतौली में रौशन होंगी सड़कें, 170 स्ट्रीट लाइट 24 घंटे में सुधारने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

नवरात्र और आगामी त्योहारों को देखते हुए बतौली में सड़क और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लाइट बंद पड़ी थी। लगभग 170 रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू हरी गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय अमले को तत्काल सुधार कार्य के निर्देश दिए हैं। पंचायत क्षेत्र में भी खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है।


खास बातें

- जनपद उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग और पंचायत क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था का लिया जायजा
- खराब लाइटों के तत्काल सुधार के निर्देश

बतौली से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक रोड लाइट पिछले करीब दो माह से बंद थीं। त्योहारों के दौरान इस हिस्से में अंधेरा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। नवरात्र को देखते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू हरी गुप्ता ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों और स्थानीय कर्मचारियों को लाइट व्यवस्था तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की टीम सुधार कार्य में जुट गई है। बताया गया है कि कहीं तार कटने तो कहीं अन्य तकनीकी खराबी के कारण लाइट बंद हैं। जिसे चिन्हित कर सुधार किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग की रोड साइड लाइटों के ठेकेदार बबलू यादव भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विभाग की पूरी टीम सुधार कार्य में लगी हुई है। करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लगी लगभग 170 लाइटों को जल्द चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।जनपद उपाध्यक्ष की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक किसी भी रोड साइड लाइट में खराबी होने पर तत्काल सूचना देने के लिए ठेकेदार की ओर से मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इससे संबंधित समस्या की जानकारी सीधे दी जा सकती है।



मरम्मत करते कर्मचारी।



सड़क किनारे जले स्ट्रीट लाइट।

पंचायत क्षेत्र में 80 प्रतिशत लाइटें चालू

ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को लेकर सुधार कार्य जारी है। उपसरपंच हरी गुप्ता ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें वर्तमान में चालू हैं। बतौली पंचायत का क्षेत्र खड़धवां और कुनकुरी सहित आसपास के हिस्सों से जुड़ा हुआ है। पंचायत की अंदरूनी सड़कों पर लगी लाइटों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने अथवा किसी लाइट में खराबी की जानकारी सामने आते ही मरम्मत कराई जाती है। नियमित रूप से भी लगभग 15 दिन के अंतराल में लाइटों की मरम्मत और रखरखाव का काम किया जाता है। बरसात के दौरान तार और विद्युत उपकरणों में खराबी के कारण कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य में परेशानी आई थी। अब मौसम और परिस्थितियां अनुकूल होने के साथ खराब लाइटों को दुरुस्त करने का काम तेज कर दिया गया है।

गड्ढों की मरम्मत, लुचकी घाट और बड़े पुल पर लाइट विस्तार की तैयारी

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अंबिकापुर से रघुनाथपुर और लमगांव होकर आने-जाने वाले मार्ग में कुछ स्थानों पर सड़क पर बने गड्ढों की जानकारी भी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। इनकी तत्काल मरम्मत का आश्वासन दिया गया है। लुचकी घाट और बड़े पुल फ्लाईओवर पर रोड साइड लाइटों के विस्तार का मुद्दा भी उठाया गया। इस संबंध में बताया गया कि प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है, ताकि इन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एनएच 43 पर आवश्यकता अनुसार रोडसाइड लाइटों की संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

सड़के अंधेरे में न रहे

नवरात्र और त्योहारों के दौरान सड़कें अंधेरे में न रहें, इसके लिए प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त कराया जा रहा है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी रहने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

-मंजू हरी गुप्ता
जनपद पंचायत उपाध्यक्ष

खराब लाइट की गई है मरम्मत

बतौली क्षेत्र में रोड साइड लाइटों की समस्या की जानकारी विभाग को मिली है। तत्काल संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है और सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बंद पड़ी रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर सुधार कर व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

- बसंत खाखा
कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग अंबिकापुर



जयनगर दर्रीपारा में कबड्डी स्पर्धा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर के दर्रीपारा में इन दिनों कबड्डी खेल का ग्रामीणों के बीच रोमांच जोरों पर है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

1 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को प्रतियोगिता के दौरान तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैदान में खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। एक ओर जहां खिलाड़ी अपनी टीम को बढ़त दिलाने के लिए दमखम लगाते नजर आए, वहीं दूसरी ओर रक्षात्मक खिलाड़ियों ने शानदार बचाव कर विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रतियोगिता में मंगलवार को अतिथि के रूप में वेद मिश्रा, देवधन बिंझिया,सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद, निकुंज, कृष्णपाल बिंझिया, देवशरण सिंह,बंटेश्वर सारथी एवं घलूम बिंझिया उपस्थित रहे,अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होने से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। खेल न केवल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करता है, बल्कि उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए भी प्रेरित करता है। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।आयोजन को सफल बनाने में जगमोहन राम,राजू राम,सुरेश कुमार,गणेश,विनोद व अन्य सक्रिय हैं।

कांग्रेस ने पैदल मार्च के बाद किया सीईसी का पुतला दहन

बलरामपुर। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से शहीद चौक (चांदो चौक) तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल हुए। मार्च शहीद चौक स्थित शहीद पार्क पहुंचा, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रगान किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक वाचन किया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर लगातार जनता के बीच अपनी बात रखेंगे।



शासकीय कन्या स्कूल में सेजेस विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों सेजेस में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर सूरजपुर डीईओ द्वारा सेजेस स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आहूत कर विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में उक्त विषय पर बैठक आयोजित की गई,बैठक में प्राचार्यों के साथ संबंधित अधिकारी एवं विज्ञान संकाय से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

- सूरजपुर डीईओ ने छात्रों व शिक्षकों की जानकारी मांगी

बैठक के एजेंडे में विद्यालयों में छात्र दर्ज संख्या, विद्यार्थियों की विषयवार जानकारी, शिक्षकों की स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की स्थिति, कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी तथा कमजोर विद्यार्थियों की पहचान एवं कार्ययोजना, मूलभूत आवश्यकताओं एवं समस्याओं, भृत्य, लिपिक कर्मचारियों की जानकारी तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई,इसके अलावा पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति, अतिरेक प्राचार्य एवं शिक्षकों की जानकारी, बोर्ड परीक्षा परिणाम, तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की उपस्थिति और लंबे समय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की जानकारी भी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक के माध्यम से सेजेस विद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा करने के साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिए कार्ययोजना और विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा का निर्देश दिया है। विभाग ने केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रहते हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति, लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों और शिक्षकों की वास्तविक स्थिति तक की जानकारी मांगी है।



एसजीजीयू के प्रशासनिक विवाद पर शासन तत्काल ले संज्ञान : हिमांशु



अंबिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में कुलपति एवं कुलसचिव के बीच नियुक्ति एवं प्रशासनिक अधिकारों को लेकर सामने आ रहे विवाद को लेकर युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने संचालक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ को पत्र भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा संभाग के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है। ऐसे में विश्वविद्यालय के शीर्ष स्तर पर कुलपति एवं कुलसचिव के बीच उत्पन्न प्रशासनिक विवाद का लंबे समय तक बने रहना विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था के हित में नहीं है।

- उच्च शिक्षा संचालक के नाम पत्र लिखकर उच्च स्तरीय की मांग

उन्होंने कहा कि कुलपति द्वारा कुलसचिव डॉ. शारदा त्रिपाठी की नियुक्ति को नियमों के अनुरूप नहीं होने की बात कही गई है। इस विवाद के सार्वजनिक होने एवं मीडिया माध्यमों तक पहुंचने से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कुलसचिव डॉ. शारदा त्रिपाठी की नियुक्ति से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया, नियम एवं दस्तावेजों की शासन स्तर पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के पिछले तीन वित्तीय वर्षों में हुई समस्त खरीदी, निविदा, भुगतान एवं निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। विवि में पिछले वर्षों में हुई नियुक्तियों एवं पदस्थापनाओं की भी नियमों के अनुरूप समीक्षा कराए जाने की मांग की गई है। यदि किसी नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए योग्य एवं अनुभवी लोगों को विश्वविद्यालय में जिम्मेदारी देने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय में चल रहे प्रशासनिक विवाद का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षाओं, परिणाम एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ सकता है। युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल एवं विवि अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि एसजीजीयू की शैक्षणिक गरिमा, प्रशासनिक पारदर्शिता एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है।

पृष्ठ 1 का शेष

संकुल समन्वयकों का...

सुझावः कक्षा में जाकर शिक्षण प्रक्रिया को देखने, बच्चों के सीखने के स्तर को समझने और उसके बाद शिक्षक से सम्मानपूर्वक संवाद स्थापित कर सुधार हेतु सकारात्मक सुझाव देने के पूरे चक्र पर अभ्यास किया गया। मल्टीग्रेड कक्षाओं का प्रबंधनः जशपुर जिले में संचालित 'नींव बहुभाषी शिक्षा' कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। एक ही कमरे में अलग-अलग कक्षाओं और अलग-अलग सीखने के स्तर वाले बच्चों को एक साथ कैसे पढ़ाया जाए, इसकी व्यावहारिक तकनीकों और चुनौतियों के समाधान पर बात की गई। शिक्षण-सामग्री का प्रभावी उपयोगः कार्यशाला में शिक्षकों एवं समन्वयकों के लिए तैयार की गई विशेष सामग्रियों जैसे-बिग बुक, सचित्र कहानी की पुस्तकें, अभ्यास पुस्तिकाएं , सादरी एवं हिंदी के चित्र चार्ट, कविता पोस्टर, ग्रिड कार्ड और अक्षर कार्ड के कक्षा में नियमित प्रयोग को रेखांकित किया गया।

अधिकारियों का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन- कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पैंकरा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री अम्बष्ठ ने उपस्थित संकुल समन्वयकों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि, संकुल समन्वयक पूरे शिक्षा तंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब समन्वयक खुद बहुभाषी शिक्षण की अवधारणाओं, शिक्षण-सामग्री के सही उपयोग और सहयोगात्मक मार्गदर्शन की बारीकियों को गहराई से समझ लेंगे, तभी वे स्कूलों के दौरों के दौरान शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को दूर करने और उन्हें सहज मार्गदर्शन देने में सक्षम महसूस करेंगे। उन्होंने समन्वयकों से आह्वान किया कि वे केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित न रहकर कक्षाओं में बच्चों के चेहरे की मुस्कान और उनके सीखने के उत्साह को अपनी सफलता का पैमाना बनाएं।

आगे की कार्ययोजना- इस तीन दिवसीय उन्मुखीकरण के पश्चात, कुंकुरी विकासखंड के 16 संकुलों के अकादमिक समन्वयक अब अपने-अपने क्षेत्रों के 83 प्राथमिक विद्यालयों का नियमित भ्रमण करेंगे। वे कक्षाओं में जाकर शिक्षकों को टीएलएम के उपयोग, बिग बुक पठन, और बहुभाषी वातावरण निर्माण में निरंतर अकादमिक सहयोग प्रदान करेंगे, जिससे विकासखंड के सभी बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान की नींव मजबूत हो सके।

आलोक बने तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष



वाड्रफनगर। शासकीय उमावि गुडरू के सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी आलोक राय को प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संघ की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश महामंत्री आनंद सिंह यादव एवं सरगुजा संभागीय अध्यक्ष दिनेश कश्यप की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने आलोक राय की नियुक्ति की है। उन्हें जिला अध्यक्ष के साथ-साथ बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की जिला एवं तहसील शाखाओं की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अधिसूचना में आलोक राय को संघ की संशोधित नियमावली के अनुरूप जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन करने के लिए अधिकृत किया गया है। आलोक राय की नियुक्ति पर प्रदेश एवं सरगुजा संभाग के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

डॉ. डीके सोनी को मिला आउटस्टैंडिंग एडवोकेट एण्ड पब्लिक इंटरेस्ट एक्टिविस्ट का अवार्ड

अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ. सोनी को एलीट लीडरशिप अवार्ड्स एंड समिट 2026 के गोवा संस्करण में आउटस्टैंडिंग एडवोकेट एंड पब्लिक इंटरेस्ट एक्टिविस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री महिमा चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उनके करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। डॉ. डी.के. सोनी लंबे समय से आम नागरिकों के अधिकारों, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और सुशासन के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। आरटीआई के माध्यम से सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक संस्थानों से महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर उन्होंने कई मामलों को सामने लाने का प्रयास किया है। इसके साथ ही जनहित याचिकाओं और कानूनी माध्यमों से भी उन्होंने जनसरोकार से जुड़े अनेक मुद्दों को न्यायालय तक पहुंचाया है। डॉ. सोनी अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। संस्था के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने, जनहित से जुड़े मामलों को उचित मंच तक पहुंचाने और प्रशासनिक स्तर पर लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं। आरटीआई और जनहित याचिकाओं को उन्होंने जनहित के प्रभावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग, प्रशासनिक पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है। एलीट लीडरशिप अवार्ड्स एंड समिट 2026 के गोवा संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली हस्तियां शामिल हुईं। डॉ. डीके सोनी ने कहा कि किसी भी पुरस्कार से ज्यादा महत्वपूर्ण आम नागरिकों के अधिकारों के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें जनहित, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

- बॉलीवुड अभिनेत्री महिला चौधरी के हाथों मिला सम्मान





अभी भी तैयार नहीं हुआ सलमान की मातृभूमि का फाइनल वर्जन

मुंबई। अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'पर आए दिन कोई न कोई नया अपडेट सामने आ ही रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जल्द ही इस पिक्चर की रिलीज डेट का ऐलान हो सकता। ये भी कहा गया कि मेकर्स नवंबर में इस फिल्म को रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया कि अभी भी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। रिलीज डेट को लेकर फिलहाल स्पष्टता नहीं है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में अभी भी बदलाव का काम जारी है और रवि बसरूर बैकग्राउंड स्कोर पर लगे हुए हैं। मेकर्स ने अभी फिल्म का फाइनल कट तय नहीं किया है। यानी फिल्म का फाइनल वर्जन तैयार होना बाकी है।

लाइफ Style


कृति

लोग अपने काम से काम रखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट 'व्हाट वीमेन वांट' का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे।

अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, 'मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी।' इस पर करीना ने कहा, 'मुझे पता है।' शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें।' दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं।



हॉलीवुड मसाला




दी एक्जॉरसिस्ट मार्टर्स का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए मजेदार खबर आई है। 53 साल पुरानी दुनिया की सबसे हॉरर मूवी 'द एक्सॉर्सिस्ट' फ्रेंचाइजी के नए पार्ट की पहली झलक ने दस्तक दे दी है। इसकी पहली झलक ही होश उड़ाने के लिए काफी है। मशहूर फिल्ममेकर माइक फ्लैनगन की नई हॉरर फिल्म 'दी एक्जॉरसिस्टः मार्टर्स' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। 15 सेकेंड का यह टीजर फिल्म की कहानी तो पूरी तरह नहीं खोलता, लेकिन इसके डरावने विजुअल्स ने फिल्म को लेकर फैन्स में जरूर दीवानगी का आलम पैदा कर दिया है।



टॉम की फिल्म डिगर को 1350 करोड़ का नुकसान!

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की फिल्म 'डिगर' को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी असफलता का सामना करना पड़ा है। फिल्म को लगभग 1,350 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। वैसे तो नॉर्थ अमेरिका में भी ये बुरी तरह पिट ही रही है, लेकिन भारत में अजय देवगन की 'दृश्यम 3' के रिलीज होने का भी इस पर असर पड़ा है। एलेजैंड्रो इनारितु की फिल्म 'डिगर' - जिसमें टॉम क्रूज ने एक लालची तेल कारोबारी का ऐसा रोल निभाया है जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है - ओपनिंग वीकेंड में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने के बाद दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 19 साल पहले टॉम क्रूज की एक फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में $8 मिलियन से कम की ओपनिंग की थी।



35 साल की उम्र में दूसरी बार बनेंगी मां...

मुंबई। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर एक बार फिर नन्हे मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। कपल ने बुधवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस बात की जानकारी सभी के साथ शेयर की। पोस्ट सामने आते ही फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स कपल को जमकर बधाई दे रहे हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर किया। पोस्ट में एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें कपल के हाथ पर एक छोटे से बच्चे के सॉक्स रखे हैं और उनकी बेटी सराया ने भी उसे पकड़ रखा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'एक बार फिर सबसे बड़े तोहफे का आशीर्वाद मिला है। हमारा दिल प्यार और शुक्रगुजार से भरा हुआ है।'



रामायण की दुनिया में वापस लौटा अरुण

नई दिल्ली। अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान श्रीराम का किरदार निभाया था। मगर नितेश तिवारी की रामायण में वह राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इस पोस्टर में वह अयोध्या के राजा की वेश भूषा में सिंहासन पर बैठे हुए हैं। इतने साल बाद अरुण को दोबारा रामायण के जुड़े पात्र के रूप में देखना अपने आप में एक भावुक पल होगा। मेकर्स ने इस फोटो के साथ एक खास कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब, वे अयोध्या के राजा के रूप में रामायण की दुनिया में लौट रहे हैं। अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में।' इस कैप्शन से निर्माताओं ने फैंस से कहा है कि रामानंद सागर ने अरुण गोविल को राम के रूप में कास्ट कर एक पीढ़ी पर छाप छोड़ी थी।

टीवी मसाला



'कपिल शो' में महफिल जमाने आ रहे सुनील व रवि

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का पॉपुलर शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने नए सीजन के साथ आ गया है। जो नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को खूब हंसा रहा है। इस शो में हर हफ्ते बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है। जिसमें क्रिकेट जगत के दो दिग्गज सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री कपिल की महफिल में चार चांद लगाते नजर आएंगे। कपिल शर्मा के इस सीजन में अब तक कई सितारे आ चुके हैं। शो के शुरुआती एपिसोड्स में बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स कपिल शर्मा की पूरी गैंग के साथ मजेदार मस्ती करते नजर आए हैं। जिसमें सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा शामिल हैं। हर शनिवार को आने वाला यह एपिसोड दर्शकों को हंसी का भरपूर डोज दे रहा है। सामने आए नए प्रोमो में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिखाई दे रहे हैं। जहां वो कपिल शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम के दिलचस्प किस्से और क्रिकेट की पुरानी यादें शेयर करते दिख रहे हैं। वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू जब सुनील गावस्कर से पूछते हैं कि वो उस दौर में बिना हेलमेट के कैसे बैटिंग कर लेते थे? तो गावस्कर मजाकिया लहजे में जवाब देते हैं "क्योंकि अंदर कुछ था ही नहीं." यह सुनकर पूरा सेट ठहाकों से गूंज उठता है।

बिग बॉस में शैनन की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री

नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 20' को शुरू हुए एक महीना हो गया और इस एक महीने में शो के अंदर काफी कुछ देखने को मिला। शो की शुरुआत में 16 प्रतियोगियों ने इसमें हिस्सा लिया था।



इसके बाद जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा तो तीन कंटेस्टेंट्स बाहर भी हो गए। अब शो में जल्द ही कुछ वाइल्डकार्ड एंट्री देखने को मिल सकती हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर शैनन के का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि शैनन बिग बॉस के इस सीजन में घर में बतौर वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एंट्री कर सकती हैं। बता दें कि शैनन के. बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू की बेटी हैं। सिंगर ने दो शादियां की और उनकी पहली शादी से बेटे जान कुमार सानू हैं और दूसरी पत्नी के साथ गायक ने एक बेटी को गोद लिया, जो शैनन हैं। शैनन ने अपना डेब्यू पॉप सिंगल 'अ लॉन्ग टाइम' से किया था, जिसे जस्टिन बीबर के सहयोगी पू बी ने प्रोड्यूस किया था और लिखा था। शैनन के. सिंगर हैं और उनका करियर सिर्फ भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म किंग में शाहरुख से भिड़ेंगे विलेन बने अभिषेक

शाहरुख खान की मच-अवेटेड एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किंग' को लेकर फैन्स के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। फिल्म में जहां शाहरुख खान एक खतरनाक रोल में दिखेंगे। वहीं, अभिषेक बच्चन फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान के साथ अपने रिश्ते और फिल्म 'किंग' को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

मुंबई। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान को अपने 'बड़े भाई'जैसा बताते हुए एक बड़ा खुलासा किया. वो कहते हैं कि- किंग खान ने कई बार पर्सनल तौर पर उनके कॅरियर में मदद की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिषेक बच्चन ने बताया, 'शाहरुख खान मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह हैं। सच कहूं तो उन्होंने कई बार मेरे कॅरियर की पर्सनल तौर पर जिम्मेदारी ली है, जिसमें अब हमारी अपकमिंग फिल्म 'किंग' भी शामिल है।' इस दौरान अभिषेक ने याद किया कि बॉलीवुड में एंट्री करने से बहुत पहले से वो शाहरुख खान के करीब रहे हैं। बचपन और शुरुआती दिनों को याद किया। साथ ही कहा कि- ऋतिक रोशन, उदय चोपड़ा और सिकंदर खेर के साथ संडे को क्रिकेट खेलने के दौरान भी शाहरुख उन सभी को गाइड करते थे। अभिषेक बच्चन ने बताया कि सालों पहले उन्होंने शाहरुख खान से पूछा था कि उनकी सबसे फेवरेट फिल्म कौन सी है।



इस पर शाहरुख खान ने उन्हें जो जवाब दिया था, वो सलाह अभिषेक के दिल में हमेशा के लिए बस गई। शाहरुख ने उनसे कहा था-मेरी पसंदीदा फिल्म वही होती है, जो मैं अभी कर रहा होता हूं। अगर वह मेरी पसंदीदा फिल्म नहीं है, तो मैं उसे कर ही क्यों रहा हूं? जो बीत गया, वो बीत गया लेकिन इस वक्त मेरे लिए मेरी सबसे पसंदीदा फिल्म वही है जो मैं कर रहा हूं। अभिषेक ने कहा कि वो भी इसी सोच को मानते हैं, और इसीलिए इस समय 'किंग' उनकी सबसे फेवरेट फिल्म है।

टकराव के डर से मेकर्स ने आगे बढ़ाई काली खेती की रिलीज...

फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट मेकर्स ने बदल दी है। पहले फिल्म अक्तूबर के महीने में रिलीज होने वाली थी। मगर अब इसकी रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

मुंबई। बीते दिनों फिल्म 'काली खेती' के पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट 23 अक्टूबर बताई गई थी। मगर अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बढ़ा दी है। सोशल मीडिया के जरिए मेकर्स ने फैंस को बताया कि फिल्म अब 20 नवंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर के अलावा नेहा सरगम भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्टूबर में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें अजय देवगन की दृश्यम 3, आयुष्मान खुराना की उड़ता तीर, रश्मिका-विजय की रणबाली, यामी गौतम की नई नवेली और पहला प्यार दूसरी बार शामिल हैं। काली खेती का टकराव 'पहला प्यार दूसरी बार' से होने वाला है। यह फिल्म भी 23 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस वजह से जैकी श्रॉफ की फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट को



आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म का निर्देशन और लेखन हारिस इम्तियाज खान ने किया है। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए लगाते हैं एक से बढ़कर एक तरकीबें

सिनेमा जगत के 5 सबसे भयानक प्रमोशन, ऑडियंस की हो गई थी हालत खराब

नई दिल्ली। भारत में भले ही हॉरर फिल्मों का बाजार इतना बड़ा न हो, लेकिन अन्य देशों में इस तरह की फिल्में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। मेकर्स अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए भी एक से बढ़कर एक तरकीबें लगाते हैं। आज हम जानेंगे सिनेमा जगत के इतिहास में अभी तक किए गए सबसे डरावने प्रमोशन इवेंट या एक्टिविटी। लिस्ट में कुछ ऐसे प्रमोशन इवेंट भी शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी थी।

थिएटर्स के बाहर नर्सों की कतारें

साल 1960 में आई फिल्म 'साइको' का प्रमोशन इस तरह का पहला प्रयोग था। कहा जाता है कि इसी फिल्म के जरिए हॉरर फिल्मों का भयानक अंदाज में प्रमोशन करने का सिलसिला शुरू हुआ था। डायरेक्टर अल्फ्रेड हिचकॉक ने सख्त नियम लागू करवाए थे कि फिल्म शुरू होने के बाद किसी भी लेट आने वाले को थिएटर में एंट्री नहीं मिलेगी। इसके साथ ही, सिनेमाघरों के बाहर नकली डॉक्टरों और नर्सों को तैनात किया गया था और दर्शकों को हार्ट अटैक के जोखिम की चेतावनी वाले फॉर्म दिए जा रहे थे। लोगों के दिमाग में भर दिया गया कि यह फिल्म इतनी डरावनी है कि इसे देखते हुए किसी की जान भी जा सकती है। लोग कांपते हुए यह फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देखने के दौरान भी उनकी हालत खराब थी कि आगे न जाने कौन सा सीन आ जाएगा।

शहर भर में 'लापता' लोगों के पोस्टर

यह प्रमोशन इवेंट साल 1999 में आई फिल्म 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' के लिए किया गया था। इसे सिनेमा के इतिहास का सबसे सक्सेसफुल और डरावना गुरिल्ला मार्केटिंग कैंपेन माना जाता है। हुआ यह था कि फिल्म के रिलीज होने से पहले मेकर्स ने इंटरनेट पर एक वेबसाइट बनाई और कॉलेज कैंपसों व थिएटर्स के बाहर फिल्म के मुख्य कलाकारों के लापता होने के पोस्टर लगा दिए। लोगों को यह यकीन दिलाया गया कि यह कोई फिल्म नहीं है, बल्कि उन छात्रों की असली फुटेज है जो जंगल में खो गए थे। लोगों में इस फिल्म ने काफी डर भर दिया था।



लाइव इवेंट में लोगों की हुई हालत खराब : साल 2022 में आई फिल्म 'स्माइल' और 2024 में आई 'स्माइल-2' के प्रमोशन में तो मेकर्स ने हद ही कर दी। मेकर्स ने अमेरिका के बड़े लाइव बेसबॉल मैचों और टीवी शोज के दौरान बैकग्राउंड में कुछ लोगों को डरावना मेकअप करके बिठा दिया। ये लोग बिना पलक झपकाए, लगातार कई घंटों तक कैमरे की तरफ देखकर एक बेहद डरावनी और अजीब मुस्कान देते रहे। लोग एक असली इवेंट में कनफ्यूज थे कि यह कोई मानसिक बीमारी है या भूतिया घटना।

जब बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना पड़ गया

बात साल 2006 की है जब टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल 3' का प्रमोशन चल रहा था। भले ही यह कोई हॉरर फिल्म नहीं थी, लेकिन इसके प्रमोशन ने लोगों को बहुत ज्यादा डरा दिया था। बाद में इस तरह को प्रमोशन एक्टिविटी करने के लिए मेकर्स की काफी निंदा भी की गई। हुआ यह था कि शहर के अखबार बेचने वाले बॉक्सों के अंदर मेकर्स ने छोटे डिजिटल म्यूजिक प्लेयर छिपाए थे, जो बॉक्स खुलते ही फिल्म की थीम ट्यून बजाते थे। बक्से के अंदर छिपे हुए तारों और अजीब आवाज सुनकर लोगों को लगा कि शहर में आतंकवादियों ने बम लगाए गए हैं। डर इतना बढ़ गया था कि कई इलाके खाली कराने पड़े और बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना बड़ा।

कॉफी शॉप में लड़की पर आया भूत?

साल 2013 में आई इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने न्यूयॉर्क की एक कॉफी शॉप में डरावना सेटअप तैयार किया था। यह दुकान के अंदर छिपे हुए तारों, रिमोट कंट्रोल कुर्सियों और नकली दीवारों का सेटअप था। जब आम ग्राहक वहां कॉफी पी रहे थे, तब एक एक्ट्रेस ने गुस्सा होने का नाटक किया और अपने दिमाग की शक्ति से एक आदमी को दीवार पर टांग दिया और टेबल-कुर्सियों को हवा में उड़ाने लगी। लोग चीखते हुए बाहर निकले और इस प्रैंक को आज तक के सबसे भयानक प्रैंक में गिना जाता है।

खबर संक्षेप

ड्रॉइंग स्पर्धा में ट्विंकल ने लहराया परचम

कोसीर। अशोक पब्लिक स्कूल में



द्वारा कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता में विद्यालय की होनहार छात्रा ट्विंकल चौहान ने अपनी अद्वितीय कला और रचनात्मक सोच का लोहा मनवाते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। ट्विंकल ने न सिर्फ अकादमिक स्तर पर बल्कि खेलकूद, चित्रकला और अन्य पाठ्यसहगामी गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया है कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देश के अमर शहीदों और कारगिल के वीरों को समर्पित इस प्रतियोगिता में उनकी कलाकृति ने देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भावनाओं को रंगों के जरिए जिस बेबाकी से कैनवास पर उकेरा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा ट्विंकल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर-एसएसपी से बंजारी समिति की भेंट

तमनार। सर्व शक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व 72 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के लिए 7 अक्टूबर को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह से माँ बंजारी धाम समिति सदस्य कार्यकर्ता मिलकर नवरात्र पर्व के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। 11 अक्टूबर को दीप प्रज्वलन शुभारंभ नवरात्र पर्व हेतु निमंत्रण दिया गया। बंजारी माई की कृपा से परंपरा अनुसार नवरात्रि पर्व में मां बंजारी देवी नवदुर्गा की पूजा अर्चना अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित की जाती है इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व कार्यक्रम 10 अक्टूबर विशाल कलश यात्रा, 11 अक्टूबर नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 19 अक्टूबर संधि पूजन, दुर्गा अष्टमी, रात्रि हवन पूजन, 20 अक्टूबर महानवमी विशाल हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। हर दिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर व आरती के बाद रात्रि भोजन भंडारा खिलाया जाएगा।

संगीत महाविद्यालय में 40 सीटों पर प्रवेश

रायगढ़। रायगढ़ में नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में सत्र 2026.27 से बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के लिए निर्धारित 40 सीटों पर विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। बीपीए पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी कथक नृत्य एवं लोक संगीत जैसे विषयों में अध्ययन का अवसर मिलेगा।

5 परिवारों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति

रायगढ़। जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम पंचायत नारायणपुर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की उपस्थिति में 5 परिवारों को नवीन शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर ग्रामीणों को जागरूक करने और स्वच्छता गतिविधियों में योगदान देने वाले 2 स्वच्छाग्रही समूहों को सम्मानित किया गया।

87 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन पखवाड़ा के तहत मंगलवार को किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 87 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। जरूरतमंद 15 वृद्धजनों को छड़ी और 6 वृद्धजनों को वॉकर प्रदान किए गए। वहीं 60 वृद्धजनों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों की हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए निःशुल्क बीएमडी बोन मिनरल डेंसिटी जांच की सुविधा भी रखी गई, जिसका लगभग 100 वृद्धजनों ने लाभ लिया। जांच के साथ वृद्धजनों को हड्डियों एवं जोड़ों की देखभाल तथा बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता बनाए रखने के संबंध में चिकित्सकीय जानकारी दी गई।

कंडोरा में शुरू होगा फिजियोथेरेपी कॉलेज, 50 सीटों पर प्रवेश की तैयारी

13.93 करोड़ रुपए की लागत से स्थायी हाईटेक कैंपस तैयार करने की योजना है

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जशपुर में स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिले में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा रहा है। कुनकुरी विकासखंड के ग्राम कंडोरा में करीब 1.10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हाईस्कूल भवन का अब फिजियोथेरेपी कॉलेज के संचालन के लिए उपयोग किया जाएगा। कॉलेज में 50 सीटों पर इसी सत्र से प्रवेश शुरू करने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में मेडिकल एवं स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार की दिशा में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कंडोरा में निर्मित हाईस्कूल भवन में हाईस्कूल संचालन की अनुमति नहीं मिलने के बाद शासन की ओर से भवन के बेहतर उपयोग का निर्णय लिया गया है। जिले में फिजियोथेरेपी कॉलेज शुरू होने से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा का अवसर मिलेगा। साथ ही फिजियोथेरेपी सेवाओं के विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में यह कदम जशपुर को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

मरीजों को भी मिलेगी फिजियोथेरेपी उपचार की सुविधा- कॉलेज के संचालन से फिजियोथेरेपी शिक्षा के साथ-साथ उपचार सेवाओं के विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। वर्तमान में जिले के अनेक मरीजों को फिजियोथेरेपी उपचार के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर फिजियोथेरेपी से जुड़ी विशेषज्ञ सेवाओं के विस्तार से मरीजों को भविष्य में बेहतर सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के साथ उपचार सुविधाओं का विकास जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करेगा।

चराईडांड में बनेगा स्थाई हाईटेक कैंपस- फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए चराईडांड के पास करीब 13.93 करोड़ रुपए की लागत से स्थायी हाईटेक कैंपस तैयार करने की योजना है। स्थायी परिसर के निर्माण तक कंडोरा में तैयार भवन का उपयोग कॉलेज संचालन के लिए किया जाएगा। इससे एक ओर वर्तमान में उपलब्ध भवन का उपयोग सुनिश्चित होगा, वहीं दूसरी ओर भविष्य में कॉलेज के लिए आधुनिक एवं बेहतर सुविधाओं से युक्त स्थायी परिसर विकसित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जशपुर जिले में स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार को लगातार गति मिल रही है। फिजियोथेरेपी कॉलेज की शुरुआत जिले के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों के साथ आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

जिले में ही मिलेगा फिजियोथेरेपी शिक्षा का अवसर

फिजियोथेरेपी कॉलेज शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। 50 सीटों के साथ कॉलेज की शुरुआत होने से स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने में भी मदद मिलेगी।



मानव तस्करी पर ग्राम पंचायत नकबार में जागरूकता कार्यक्रम

कांसाबेल। जीवन झरना विकास संस्था, कांसाबेल द्वारा ग्राम पंचायत नकबार के पंचायबस्ती में मानव तस्करी के खतरों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को वर्तमान समय में बच्चों एवं युवाओं के साथ हो रही मानव तस्करी से जुड़ी वास्तविक घटनाओं की जानकारी देकर उन्हें सतर्क एवं जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सरल भाषा में बताया गया कि मानव तस्करी क्या है, मानव तस्करी कौन कर सकता है तथा किन परिस्थितियों में बच्चे, युवा एवं अन्य लोग तस्करी का शिकार हो सकते हैं। साथ ही लोगों को समझाया गया कि रोजगार, अच्छी नौकरी, पढ़ाई या अन्य किसी बहाने से अनजान लोगों के बहकावे में आकर बच्चों को बाहर भेजना उनके लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखने तथा उन्हें सुरक्षित रखने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। इस दौरान मानव तस्करी से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं बचाव के उपायों की जानकारी पम्पलेट के माध्यम से भी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में पहले हुई घटनाओं को भी साझा किया और ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सामूहिक रूप से सतर्क रहने की बात कही। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि गांव या मोहल्ले का कोई बच्चा यदि काम के लिए बाहर जाने की बात करता है, तो पहले उसकी जानकारी लेकर उसे सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जिन लोगों की उम्र काम के लिए बाहर जाने योग्य है, उनके बाहर जाने पर पंचायत में इसकी जानकारी देकर पलायन पंजी में नाम दर्ज कराने पर भी सहमति बनी, ताकि बाहर जाने वाले लोगों की जानकारी पंचायत स्तर पर उपलब्ध रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लोगों को पंजीयन कराने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक करना, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सुरक्षित पलायन के लिए समुदाय की जिम्मेदारी को मजबूत करना।

घर के पीछे तिरपाल के नीचे छिपा था शराब का जखीरा

जशपुरनगर। जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता, सरगुजा की टीम ने जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत झिक्की गांव में दबिश देकर बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश में निर्मित शराब बरामद की है।

कार्रवाई में करीब 2.50 लाख रुपये कीमत की 35 पेटी गोवा व्हिस्की जब्त की गई है। मामले में पुलिस,आबकारी विभाग ने आरोपी सुदर्शन गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को 6 अक्टूबर की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि, झिक्की गांव निवासी सुदर्शन गुप्ता के घर पर दूसरे राज्य की बड़ी मात्रा में शराब उतारी गई है। सूचना की पुष्टि के बाद आबकारी उड़नदस्ता टीम ने 7 अक्टूबर की सुबह आरोपी के घर दबिश दी। छिपाकर रखी गई शराब की 35 पेटियां बरामद--



आबकारी टीम ने खोला राज 35 पेटी एमपी की शराब जब्त

तलाशी के दौरान घर के पीछे बने बरामदे में तिरपाल से छिपाकर रखी गई शराब की 35 पेटियां बरामद हुईं। इन पेटियों में कुल 1750 नग शराब, जिसकी कुल मात्रा करीब 315 लीटर बताई गई है। जब्त शराब मध्यप्रदेश राज्य निर्मित गोवा व्हिस्की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार- आबकारी विभाग के मुताबिक आरोपी सुदर्शन गुप्ता के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त पीएस अल्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली मार्कंडेय के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, आबकारी आरक्षक श्यामसुंदर पैकरा, दीपक पांडे, आशिष कुंज, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं रोहित सोनवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डीईओ सिन्हा की पहल से 55 को समयमान वेतनमान लाभ

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा लंबे समय से समयमान वेतनमान की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में 11 लिपिक एवं 44 भृत्य सहित कुल 55 कर्मचारियों के समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश जारी होते ही कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि समयमान वेतनमान का लाभ केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि वर्षों की सेवा के बाद मिलने वाला सम्मान और अधिकार भी है। लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों के लिए यह आदेश किसी सौगात से कम नहीं है।



गौरतलब है कि डीईओ नरेंद्र सिन्हा की पहल से लगभग 30 वर्षों से सेवा में कार्यरत भृत्य कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ भी प्राप्त हुआ है। लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे इन कर्मचारियों में पदोन्नति मिलने से विशेष उत्साह है। अब समयमान वेतनमान के आदेश जारी होने से विभागीय कार्यप्रणाली के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों ने डीईओ नरेंद्र सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों के हित में लिए जा रहे ऐसे निर्णय विभाग में सकारात्मक कार्यसंस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ विश्वास और कार्य के प्रति समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

जशपुरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखंड फरसाबहार के ग्राम ऊपरकछार में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से 35 हितग्राहियों को बतख का वितरण किया गया। साथ ही 34 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग एवं श्रम विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया गया। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।



विकास के नाम पर नाबालिगों से कराई जा रही मजदूरी



जशपुरनगर। ग्राम पंचायत डुमरकोना के आश्रित ग्राम छिनगाटोली में पंचायत द्वारा कराए जा रहे सीसी रोड निर्माण कार्य में निर्माण स्थल पर नाबालिग बच्चों से भी मजदूरी कराई जा रही है। विकास कार्यों में बच्चों को मजदूरी के लिए लगाना बेहद गंभीर मामला है। एक तरफ पंचायत स्तर पर विकास और जिम्मेदार जनप्रतिनिधित्व की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर बच्चों से कथित तौर पर मजदूरी कराने की मामला सामने आना पूरी व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़ा करता है। अब प्रशासन को मामले को महज शिकायत मानकर नजरअंदाज करने के बजाय मौके पर जांच, बच्चों की उम्र का सत्यापन और जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। और संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए जिससे भविष्य में जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह से बच्चों से कार्य नहीं।

महाविद्यालय तपकरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

जशपुरनगर। शासकीय महाविद्यालय तपकरा में 7 अक्टूबर 2026 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य बीसी किण्डो की अध्यक्षता एवं प्राध्यापकों के सहयोग से रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रक्तदान की इच्छा जताई। इच्छुक छात्र-छात्राओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया तथा जांच के बाद रक्तदान के लिए योग्य पाए गए विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं मेरा युवा भारत के वॉलिंटियर्स ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए रक्तदान किया और विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी जशपुर से शैलेन्द्र सिन्हा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



तपकरा के डॉ.दामेश्वर पैंकरा, फरसाबहार स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. केके डाहिर सहित मेरा युवा भारत जशपुर के वॉलिंटियर्स धन सिंह साय एवं दीपक कुमार निषाद तथा स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में रक्तदान की भूमिका का संदेश दिया गया।

राज्यस्तरीय मानवता सेवा रत्न सम्मान समारोह संपन्न

जशपुरनगर। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्था द्वारा 4 अक्टूबर को मानवता सेवा रत्न सम्मान समारोह का भव्य आयोजन जशपुर में किया गया।कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कप्तान जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पाटनवार रहे।

समाज सेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सच्ची प्रतिबद्धता- अतिथियों द्वारा समाज में कार्य कर रहे शिक्षकों की सराहना करते हुए सबको सकारात्मक संदेश के रूप में कहा कि समाज सेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सच्ची प्रतिबद्धता है। समाज के हित में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले लोग सकारात्मक बदलाव शिक्षा, पर्यावरण, जरूरतमंदों की सहायता और जनजागरूकता के क्षेत्र में ऐसे लोगों का योगदान समाज को नई दिशा देता है। साथ ही समाज में हो रहे घटनाओं के तरफ सभी को ध्यान देने और उससे बचने हेतु लोगों को ध्यानाकर्षित किए।



मानवता सेवा कर रहे उत्कृष्ट 80 शिक्षकों को सम्मानित किया- कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सालिक साय जिला पंचायत अध्यक्ष रहे अध्यक्षता के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रहे जशपुर जिले में संस्था द्वारा समाज हित और मानवता सेवा कर रहे उत्कृष्ट 80 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्पना टोप्पो विकास खंड शिक्षा अधिकारी जशपुर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष सत्यनारायण सहित संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल अध्यक्ष मीना भारद्वाज कार्यक्रम प्रभारी गीता झा नारायण पांडे पी एल सिन्हा सुषमा हिरवानी परस राम साहू बिसेन सिंह राजपूत हेमा चंद्रवंशी आशुतोष हिरवानी मुकेश झा, इंद्रजीत सिंह ठाकुर स्वीटी ठाकुर,सुदामा प्रसाद लोधी बबीता गंगने सहित जशपुर जिले के लगभग 100 से अधिक शिक्षक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

30 महिलाओं को दे रहे ट्रेनिंग, मशरूम उत्पादन का दिया गया है प्रशिक्षण

सिलाई सीखकर मौहापाली की महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण क्षेत्र की महिलाओं को दिया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मौहापाली में स्वावलंबन परियोजना अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं कपड़ा सिलाई में दक्ष हो जाएंगीं और वे खुद आर्थिक रूप से सक्षम हो सकेंगीं।

जिंदल पावर द्वारा प्लांट और माइंस प्रभावित क्षेत्र के गांवों के लोगों के स्वरोजगार, स्वा स्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के काम कराए जाते हैं। लोगों को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्राम पंचायत मौहापाली की महिलाओं को सिलाई कला में दक्ष बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यहां महिलाओं को तीन माह तक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वीपी नीरज सक्सेना, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट सीएसआर ऋशिकेष राय शर्मा, ग्राम पंचायत मौहापाली के सरपंच श्याम कुमार राठिया, ग्रम गौटिया अमर साय राठिया, मैनेजर सीएसआर शीतल पटेल व अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीपी नीरज सक्सेना ने कहा कि शिक्षा से ज्ञान और योग्यता मिलती है, लेकिन ज्ञान और योग्यता हुनर सीखा दे यह जरूरी नहीं है, ये मदद निश्चित रूप से करते हैं। हुनर व्यक्ति को जीना सीखाता है। उन्होंने कहा कि हुनर यह बताता है कि अच्छे ढंग से जिंदगी को जीया जा सके। उन्होंने कहा सिलाई प्रशिक्षण तीन माह तक दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण वह हुनर है जो आपको आत्मनिर्भर बना सकता है। हुनरमंद होने का मौका जिंदल के माध्यम से मिल रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने गांव में सिलाई के अलावा बाहर भी काम कर सकतीं हैं। सरपंच ष्याम कुमार राठिया ने जिंदल पावर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बेहतर और जरूरी बताते हुए कहा कि पूर्व में महिलाओं को मशरूम का प्रशिक्षण दिया गया था। इससे महिलाओं को आर्थिक लाभ हो रहा है, सिलाई से भी महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होंगीं।

